छत्तीसगढ़ विधान सभा

पत्रक भाग - एक

संक्षिप्त कार्य विवरण

चतुर्थ विधान सभा सप्तम सत्र अंक-05

रायपुर, बुधवार, दिनांक 09 मार्च, 2016

(फाल्गुन 19, शक संवत् 1937)

विधान सभा पूर्वाह्न 11.00 बजे समवेत हुई।

(अध्यक्ष महोदय (श्री गौरीशंकर अग्रवाल) पीठासीन हुए।)

1. प्रश्नकाल

प्रश्नोत्तर सूची में शामिल 25 तारांकित प्रश्नों में से प्रश्न संख्या 01, 02 एवं 04 से 11 (कुल 10) प्रश्नों पर अनुपूरक प्रश्न पूछे गये।

तारांकित प्रश्न संख्या 03 के प्रश्नकर्ता सदस्य डॉ.प्रीतम राम अनुपस्थित रहे।

प्रश्नोत्तर सूची में नियम 46 (2) के अंतर्गत अतारांकित प्रश्नों के रूप में परिवर्तित 48 तारांकित एवं 65 अतारांकित प्रश्नों के उत्तर भी शामिल थे ।

2. बहिर्गमन

तारांकित प्रश्न संख्या 05 पर चर्चा के दौरान भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस दल के सदस्यों के द्वारा नारे लगाये गये तथा श्री भूपेश बघेल, सदस्य के नेतृत्व में बहिर्गमन किया गया।

(सभा की कार्यवाही 12.00 बजे स्थगित होकर 12.30 बजे समवेत हुई।)

(अध्यक्ष महोदय (श्री गौरीशंकर अग्रवाल) पीठासीन हुए।)

3. वर्ष 2016-2017 के आय-व्ययक का उपस्थापन

डॉ. रमन सिंह, मुख्यमंत्री ने वर्ष 2016-2017 के आय-व्ययक का उपस्थापन किया।

माननीय अध्यक्ष ने दिनांक 10 एवं 11 मार्च, 2016 की तिथियां आय-व्ययक पर सामान्य चर्चा के लिए नियत की।

माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणा की गई कि - आय-व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की मांगों पर प्रस्तुत किये जाने वाले कटौती प्रस्तावों की सूचना गुरूवार, दिनांक 10 मार्च, 2016 को अपराह्न 3.00 बजे तक विधान सभा सचिवालय में दी जा सकती है। कटौती प्रस्ताव प्रस्तुत करने के प्रपत्र सूचना कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं।

अपराह्न 1.32 बजे विधान सभा की कार्यवाही गुरूवार, दिनांक 10 मार्च, 2016 (फाल्गुन-20, शक संवत् 1937) के पूर्वाह्न 11.00 बजे तक के लिए स्थगित की गई ।

देवेन्द्र वर्मा
प्रमुख सचिव
छत्तीसगढ़ विधान सभा